## खबर संक्षेप




### श्रमिकों का उत्थान भाजपा की प्राथमिकता : रेखा शर्मा

पंचकूला। भाजपा जिला मुख्यालय में विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (विकसित भारत–जी राम जी) पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, कालका परिषद चेयरमैन कृष्ण लाम्बा व अन्य मौजूद रहे। रेखा शर्मा ने कहा कि श्रमिकों के हित सरकार की प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर है।

### बिजली निगमों की जवाबदेही तय होगी

चंडीगढ़। हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) ने राज्य की पावर यूटिलिटीज को तीन अहम निर्देश जारी किए। आयोग ने सेवा वितरण में सुधार, जवाबदेही सुनिश्चित करने और विद्युत क्षेत्र में संस्थागत प्रदर्शन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपभोक्ता संतुष्टि सूचकांक लागू करने, बैलेंस्ड स्कोरकार्ड प्रणाली अपनाने और सभी पावर यूटिलिटीज द्वारा आईएसओ प्रमाणन प्राप्त करने को अनिवार्य किया है। एचईआरसी के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा ने राज्य सलाहकार समिति (एसएसी) की 33वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि अब एसएसी की बैठक वर्ष में तीन बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि एसएसी की बैठकों में लिए गए सभी निर्णयों को पावर यूटिलिटीज द्वारा समयबद्ध ढंग से लागू किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### गोशाला ट्रस्ट ने मनाया बसंत उत्सव

पंचकूला। गोशाला ट्रस्ट की ओर से बसंत पंचमी के पावन अवसर पर उत्सव का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक उत्सव में बच्चों, परिवारों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान कुलभूषण गोयल ने की। गोयल ने बताया कि उत्सव के दौरान हास्य कवि सम्मेलन, मुशायरा, पतंग उड़ाने का आयोजन तथा बच्चों के लिए आकर्षक परिधानों की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कठोर कारावास

पानीपत। असिस्टेंट सेशन जज, फास्ट ट्रैक कोर्ट पीयूष शर्मा की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सुभाष निवासी कानपुर, उत्तर प्रदेश को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। जज शर्मा की अदालत ने दोषी सुभाष पर 35500 का जुर्माना भी किया है जुर्माना नहीं देने पर सुभाष को दो साल का तीर्थंकर आवास भोगना होगा। वहीं पुराना औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने 25 जून 2023 को पीड़ित किशोरी के भाई की शिकायत पर आरोपी सुभाष के खिलाफ केस दर्ज किया था पीड़ित किशोरी के बयान दर्ज कर उसकी मेडिकल जांच कराई थी। अदालत में आरोपी सुभाष के खिलाफ पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों, गवाहों की गवाही और अन्य रिपोर्ट्स के आधार पर सुभाष को दोषी करार देते हुए सजा दी है।

# किसानों और उद्योगपतियों के लिए स्मार्ट एग्रीकल्चर और एक इंडस्ट्रियल जोन बनेगा

■ मुख्यमंत्री ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक में दी जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों एवं उद्योगपतियों के हित में दो बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि राज्य में स्मार्ट एग्रीकल्चर जोन और एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल जोन बनाया जाएगा, जहां किसानों एवं उद्योगपतियों को विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। मुख्यमंत्री उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की गत वर्ष के बजट में की गई घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आईएमटी मानेसर, बावल तथा कुंडली में फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों के लिए डॉर्मिट्रीज तथा सिंगल रूम यूनिट्स के कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी औद्योगिक क्षेत्र में वहां कार्यरत मजदूरों के लिए आवासीय जरूरत हो, वहां संबंधित औद्योगिक एसोसिएशन से विचार -विमर्श कर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने की योजना तैयार करें। इससे जहां मजदूरों को उद्योग के नजदीक सस्ती आवासीय सुविधा मिली वहीं तेजी से तरक्की भी होगी।

#### पोर्टल पर रजिस्टर करवा सकेंगे फैक्ट्री

गुड गवर्नेंस डे के दिन गत 25 दिसंबर, 2025 को कम से कम 50 फैक्ट्रियों वाली जिन अवैध कॉलोनियों को रेगुलर करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के जिस पोर्टल को लॉन्च किया गया था, उसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। उद्योगपति अपनी यूनिट को उक्त पोर्टल पर रजिस्टर कर रहे हैं। कॉलोनियों के नियमित होने पर उद्योगपतियों को जहां विभिन्न योजनाओं का समय पर लाभ मिल सकेगा, वहीं विभागों की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

#### उद्योगपतियों की समस्याओं का किया निपटारा

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा पिछले वर्ष के बजट में की गई घोषणा को मूर्त रूप देते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अलॉट किए गए प्लॉट्स के मालिकों की लंबित समस्या का निराकरण कर दिया गया है। इन प्लॉट्स का पूरा कण्ट्रोल अब एचएसआईआईडीसी को दे दिया गया है। इसमें औद्योगिक प्लॉट को एचएसवीपी से एचएसआईआईडीसी को ट्रांसफर करने के मामले में ऑक्युपेशन सर्टिफिकेट प्रोजेक्ट कम्प्लीशन सर्टिफिकेट आदि को प्राप्त करने में इन उद्योगों के मालिकों को परेशानी हो रही थी।

## सरस्वती नदी : 63 करोड़ रुपये की 26 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पवित्र सरस्वती नदी हरियाणा के साथ-साथ पूरे भारत वर्ष को सांस्कृतिक एकता के पवित्र बंधन में बांधती है, इसलिए प्रदेश सरकार नदियों को जोड़कर व सरस्वती सरोवरों और जलाशयों का निर्माण करके सरस्वती को फिर से प्रवाहित करने का काम कर रही है। इतना ही नहीं सरकार सरस्वती से जुड़े प्रमुख तीर्थों को सरस्वती तीर्थ के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जिला कुरुक्षेत्र में पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित सरस्वती महोत्सव 2026 के समापन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की सरस्वती नदी के पुनरुद्धार के लिए 63 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से 26 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 27 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से 16 परियोजनाओं का उदघाटन और 36 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से 10 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### भैणी साहब के दर्शन करने पहुंचे सीएम कूका आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

## सतगुरु राम सिंह के नाम पर हरियाणा में चेयर स्थापित होगी



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महान संत, समाज सुधारक और राष्ट्र चेतना के अग्रदूत सतगुरु राम सिंह जी महाराज की जयंती के अवसर पर पंजाब के जिला लुधियाना स्थित श्री भैणी साहिब, में आयोजितकार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने सतगुरु राम सिंह महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके विचारों को सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान का मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि बाबा जी का जीवन मानवता, नैतिकता और राष्ट्रहित पर आधारित सच्चे विकास की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आयोजक समिति की मांग पर कहा कि आयोजक समिति के सदस्यों से विचार-विमर्श के उपरांत सतगुरु राम सिंह महाराज के नाम पर हरियाणा सरकार चेयर स्थापित करने का कार्य करेगी।

#### युगदृष्टा संत थे सतगुरु राम सिंह

मुख्यमंत्री ने कूका आंदोलन के दौरान देश की आजादी के लिए शहीद हुए सभी नामधारी सिखों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सतगुरु राम सिंह ऐसे युगदृष्टा संत थे, जिन्होंने धर्म को कर्म से, भक्ति को समाज सुधार से और अध्यात्म को राष्ट्र सेवा से जोड़ा। उन्होंने उस समय समाज को दिशा दी, जब भारत पराधीनता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, सामाजिक कुरीतियां गहरी जड़ें जमा चुकी थीं और आम जन का आत्मविश्वास डगमगा रहा था। ऐसे समय में बाबा राम सिंह ने नामधारी आंदोलन के माध्यम से समाज को आत्मसम्मान को फिर से जगाया।

हाईकोर्ट ने डीएसपी-स्तरीय जांच की बाध्यता हटाई

## संगठित अपराधों की जांच अब इंस्पेक्टर भी कर सकेंगे

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने संगठित अपराधों की जांच को लेकर मई 2025 में दिए गए अपने कड़े निर्देशों में महत्वपूर्ण संशोधन कर दिया है। अब ऐसे मामलों की जांच अनिवार्य रूप से केवल डीएसपी स्तर के अधिकारियों द्वारा ही कराए जाने की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। अब इंस्पेक्टर भी जांच कर सकेंगे। इसके साथ ही पंजाब और हरियाणा के हर जिले में अलग–अलग विशेष टास्क फोर्स इकाई गठित करने की अनिवार्यता भी हटा दी गई है। यह आदेश जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने हरियाणा और पंजाब सरकार की ओर से दाखिल संशोधन अर्ज़िया को स्वीकार करते हुए पारित किया।

#### जांच डीएसपी व उससे ऊपर के अफसर की निगरानी में होगी



हाईकोर्ट ने 21 मई 2025 के अपने फैसले में निर्देश दिया था कि संगठित अपराध के सभी मामलों की जांच डीएसपी स्तर के अधिकारी करेंगे, हरियाणा में हर जिले में स्पेशल टास्क फोर्स और पंजाब में हर जिले में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की इकाई गठित की जाएगी, जिनकी कमान वरिष्ठ अधिकारियों के हाथ में होगी। अब अदालत ने यह स्पष्ट किया है किसंगठित अपराध के मामलों की जांच इंस्पेक्टर रैंक या उससे ऊपर के अधिकारी भी कर सकेंगे, लेकिन ऐसी जांच डीएसपी या उससे वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में ही होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि हर क्षेत्र में संगठित अपराध की समस्या एक जैसी नहीं होती, इसलिए हर जिले में एक जैसा ढांचा बनाना जरूरी नहीं है।

### 2025 में 4179 घायलों को मिला नि:शुल्क कैशलैस इलाज : अजय सिंघल



चंडीगढ़। सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित और प्रभावी उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित कैशलैस नि:शुल्क उपचार योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 के दौरान हरियाणा प्रदेश में कुल 4179 सड़क दुर्घटना पीड़ितों को नि:शुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की गई। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने बताया कि योजना के तहत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिनों की अवधि के लिए प्रत्येक घायल व्यक्ति को प्रति दुर्घटना 1.5 लाख रुपये तक का कैशलैस नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के 1228 अस्पतालों को इस व्यवस्था के तहत अनुबंधित किया गया है, जिससे पीड़ितों को समय रहते चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हो सके। डीजीपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा पुलिस की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

### औद्योगिक विकास के लिए मास्टर-प्लान्ड क्लस्टर विकसित करेंगे : नरबीर



चंडीगढ़। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सरकार औद्योगिक विकास के लिए मास्टर-प्लान्ड क्लस्टर विकसित करेगी। राव एसोचैम हरियाणा मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव 2026 के दौरान उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वरिष्ठ नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के अग्रणी नेताओं, एमएसएमई, वित्तीय संस्थानों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने भाग लिया और हरियाणा के मैन्युफैक्चरिंग तंत्र को सशक्त बनाने तथा औद्योगिक विकास को गति देने पर विचार-विमर्श किया।सभा को संबोधित करते हुए राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा को नवाचार, उन्नत प्रौद्योगिकी और प्रतिस्पर्धात्मकता के बल पर एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योग जगत के हितधारकों के साथ निरंतर संवाद कर रही है और उद्योग-अनुकूल नीतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## हरियाणा में आयुष्मान योजना फेल होने से मरीजों का बुरा हाल : ढांडा



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने पंजाब में लागू की गई मुख्यमंत्री सेहत योजना का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना केंद्र सरकार की हरियाणा में लागू आयुष्मान भारत योजना से कई मायनों में बेहतर, जन-हितैषी और व्यावहारिक है। उन्होंने इस योजना को अरविन्द केजरीवाल के जनहितैषी मॉडल का एक उदाहरण बताया। ढांडा ने कहा कि हरियाणा में आयुष्मान योजना के नाम पर मरीज़ लगातार परेशान हैं। अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्ड स्वीकार न करना, सीमित पैकेज, इलाज के दौरान बार-बार अतिरिक्त भुगतान की मांग और निजी अस्पतालों की मनमानी, ये सब हरियाणा के आम मरीज़ की रोज़मर्रा की सच्चाई बन चुके हैं। कई जिलों से शिकायतें सामने आई हैं कि गंभीर बीमारियों में पैकेज की सीमा कम पड़ जाती है, जिससे गरीब परिवारों को इलाज बीच में ही रोकना पड़ता है या कर्ज लेना पड़ता है।

अनुराग ढांडा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत हरियाणा के निजी अस्पतालों का सरकार पर करोड़ों रुपये का बकाया लंबित है। इस कारण हाईकोर्ट ने जनवरी 2026 में केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। अस्पतालों का दावा है कि भुगतान में महीनों की देरी हो रही है, जिससे उनके लिए कैशलेस इलाज जारी रखना मुश्किल हो रहा है। भुगतान और अन्य तकनीकी कारणों योजना होने के कगार पर है।

इस साल 13 आईएएस और 4 आईपीएस होंगे सेवानिवृत्त

## नए अधिकारियों को लेकर अभी से तैयारी में जुटे सीएमओ के आला अफसर

चंडीगढ़ (योगेंद्र शर्मा )। प्रदेश में इस नए साल- 2026 में दर्जनभर आईएएस अफसर सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, इसके अलावा तीन आईपीएस ओफसर भी इसी साल रिटायर हो जाएंगे। कुल मिलाकर साल में प्रशासनिक अफसरों की कमी को पूरा करने को लेकर नायब सैनी सरकार के सीएमओ में तैनात अफसरों ने अभी से मंथन शुरु कर दिया है। 2026 में हरियाणा कैडर के जो भी वरिष्ठ आईएएस रिटायर होंगे उनमें हरियाणा कैडर के अनुराग रस्तोगी मुख्य सचिव 30 जून 2026 (सेवा विस्तार के साथ) रिटायर होने जा रहे हैं। इसी प्रकार से 1995 बैच के डी सुरेश प्रमुख सचिव इसी साल अगस्त में रिटायर होंगे। इसी तरह से वी राजाशेखर वंडरू (अतिरिक्त मुख्य सचिव) 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होंगे।इसके अलावा हरियाणा सरकार में सीएम के प्रमुख सचिव अरुण कुमार गुप्ता इसी साल 30 सितंबर को जबकि हरियाणा कैडर 1991 बैच अभिलक्ष्य लिक्खी सचिव केंद्र सरकार इसी साल रिटायर 30 नवंबर 2026 को सेवानिवृत होने जा रहे हैं। इसी क्रम में एसीएस हरियाणा कैडर सुधीर राजपाल 1990 बैच 30 नवंबर को सेवानिवृत होने जा रहे हैं। अमरदीप और मुकेश कुमार आहुजा मार्च में रिटायर होने जा रहे हैं। वे वरिष्ठ आईएएस और इन दिनों मंडी बोर्ड सीए व हरियाणा लोक सेवा आयोग में सचिव हैं। जयवीर आर्य अप्रैल में रिटायर होंगे। वीरेंद्र लाठर 2014 बैच एचसीएस से पदोन्नत भी इसी साल रिटायर होंगे। प्रदीप कुमार जून में अनीता यादव सितंबर माह में, गीता भारती 2005 नवंबर माह में संजय जून 2003 एचसीएस से प्रमोटी अक्टूबर में रिटायर होंगे।

#### ये आईपीएस अधिकारी होंगे सेवानिवृत्त

2026 में रिटायर होने वाले आईपीएस वरिष्ठ पुलिस सेवा अधिकारी 2026 में रिटायर होने वालों में शत्रुजीत सिंह कपूर पूर्व डीजीपी 1990 बैच 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होंगे औरक संजीव कुमार जैन (1991 बैच) 30 सितंबर 2026 रिटायर होंगे। हरदीप सिंह दून आईपीएस (1998 बैच) 31 मई को और डॉ. राजश्री सिंह 1999 बैच 31 जुलाई को रिटायर होंगी।

### पूर्व विधायक मछरौली बने आरएलडी के प्रदेश अध्यक्ष



पानीपत। शुक्रवार को पूर्व विधायक रविंद्र मछरौली के फार्म हाउस पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें आरएलडी पार्टी के संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी ने प्रेस वार्ता की और जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विधायक रविंद्र मछरौली को पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पार्टी में शामिल किया था जिसको आज पार्टी बड़ी जिम्मेदारी देते हुए आरएलडी पार्टी का हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त करती है। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पूर्व विधायक ने कहा कि आरएलडी पार्टी को पूरे हरियाणा में आगे बढ़ाएंगे और उसके विस्तार के लिए दिन रात मेहनत करेंगे उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

### महानायक थे नेताजी सुभाष चंद्र : कल्याण

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेताजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और पराक्रम को समर्पित रहा है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, बल्कि वे ऐसे दूरदर्शी नेता भी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए वैकल्पिक और साहसिक मार्ग अपनाने का साहस दिखाया। आजाद हिंद फौज के माध्यम से उन्होंने देशवासियों में आत्मबल और आत्मसम्मान की भावना को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि नेताजी के विचार, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता आज भी प्रासंगिक हैं और वर्तमान पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में योगदान दें।

## गुरु रविदास जयंती की तैयारियों पर पंवार ने ली बैठक

चंडीगढ़। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के उमरी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती पर आयोजित होने वाला राज्य स्तरीय समारोह भव्य और विशाल होगा। हरियाणा सरकार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती को पूरे श्रद्धा और सम्मान के 31 जनवरी को गांव उमरी में मनाएगी। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। समारोह में प्रदेश भर से लोग पहुंचेंगे।


**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की बसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती मीनू मेहता श्री रितिक मेहता यूनिक ट्रेंड्ज (प्रोस्पैक्ट नं. IL10705404) | मकान जिसकी नई सम्पत्ति आईडी नं. 1k74bnd5, पुरानी सम्पत्ति आई.डी. नं. 68c232u123 खसरा नं. 27//3, 27//8, मौजा जगाधरी, वर्तमान में गुरुजी पार्क एक्सटेंशन के तौर पर जाना जाता, नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी की सीमाओं के अंदर, जिला यमुनानगर, हरियाणा, 135003. क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 1488.00, 1264.80 | रु. 2222609/- रुपये बाईस लाख बाईस हजार छह सौ नौ केवल) | 13-10-2025 | 1/22/2026 |
| श्री अरविन्द श्रीमती संतोष देवी श्रीमती वर्षा अरविन्द डेयरी प्रोस्पैक्ट नं. IL10376520) | गांव भुसलाना, तहसील सफीदों, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126112 में स्थित खेवट नं. 149, खाता नं. 191 से 199 में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2994.00, 2115.00, 1692.00 | रु. 694708/- रुपये छह लाख चौरानवे हजार सात सौ आठ केवल) | 08-10-2025 | 21/01/2026 |
| श्रीमती कमलेश श्री दलीप सिंह श्री कृष्ण कृष्ण कमलेश डेयरी प्रोस्पैक्ट नं. IL10411539) | गांव सिंद्दपुर, तहसील सफीदों, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126112 में स्थित खसरा नं. 272/1/2 (0-9) में निहित खेवट नं. 100, खाता नं. 183 में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1350.00, 1217.00, 974.00 | रु. 962900/- रुपये नौ लाख बासठ हजार नौ सौ केवल) | 08-10-2025 | 21/01/2026 |
| श्री वजीर सिंह श्रीमती कविता वजीर मिल्क डेयरी प्रोस्पैक्ट नं. IL10437041) | गांव पड़ाना, तहसील व जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126101 में स्थित खेवट नं. 149, खतौनी नं. 174 में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1800.00, 1831.00, 1464.00 | रु. 538046/- रुपये पांच लाख अड़तीस हजार छियालीस केवल) | 11-09-2025 | 19/01/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 24.01.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.


### राधास्वामी परमसंत सतगुरु ने जींद के अंटा में स्थित राधास्वामी आश्रम में सत्संग फरमाया

# गुरु दीक्षा से होता है जीव का वास्तविक जन्म : कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



बसंत पंचमी का दिन राधास्वामी मत की संगत के लिए सबसे बड़ा है। क्योंकि राधास्वामी मत के अधिष्ठाता स्वामी जी महाराज ने अपने गुरुमुख शिष्य राय सालिगराम जी के आग्रह पर बसंत पंचमी के ही दिन सत्संग को आम जीवो के लिए 1861 में जारी किया था।

यही कारण है कि राधास्वामी मत से जुड़े जीव के लिए तो यह दिन ही सबसे बड़ा तीर्थ, सबसे बड़ा स्नान सबसे बड़ी भक्ति का दिन है। यह सत्संग वाणी राधास्वामी परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने जींद जिले के गांव अंटा में सफीदों रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाई। हुजूर कंवर साहेब जी महाराज ने फरमाया कि आज का दिन का यह महत्व भी है कि यह दिन मां सरस्वती की पूजा का दिन भी है जो ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी है। जो दिन ज्ञान श्रद्धा और भक्ति को एक ही समय पर याद दिला, उस दिन से बढ़ कर कोई महान दिन हो ही नही सकता। उन्होंने कहा कि राधास्वामी सत्संग दिनोद के लिए तो ये और भी बड़ा दिन है। क्योंकि बसंती पंचमी के दिन ही अंटा गांव की इस पावन भूमि पर परमसंत ताराचंद जी महाराज अपना मौन व्रत खोला करते। गुरु महाराज जी ने फरमाया कि कोई कोई भूमि इतनी पावन और पूज्य हो जाती है कि वहां सदा परोपकार और परमार्थ की गंगा बहती है। जहां महापुरुष तप करते हैं वो भूमि तो स्वय ही पूजनीय और पवित्र हो जाती है। अंटा गांव की यह भूमि भी पावन और पवित्र है और मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अपने गुरु से इसी पवित्र भूमि पर नाम की बख्शीश मिली। सही मायने में ये मेरी जन्मभूमि है।

#### गुरु की महिमा अपार

उन्होंने कहा कि जीव का असल जन्म उसी दिन माना जाता है, जब उसे गुरु की शरण और गुरु का नाम मिलता है। क्योंकि बिना गुरु के तो मनुष्य आवारा ढोर की भांति है। बिना गुरु के इंसान की दशा अनब्याही स्त्री की भांति है। जिसे असल सुख का आभास नही है। हुजूर महाराज ने फरमाया कि सतगुरु के मिलन से हमारे सारे दुख बिसर जाते हैं और भर्म के पर्दो से ढके हमारे अंतर के कपाट खुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि बसंत बांचमी के दिन से नई ऋतु की शुरुआत होती है। इसलिए आपके अंतर के वातावरण के लिए भी यह दिन नई शुरुआत वाला होना चाहिए। आज से अपने आप को प्रभु नाम से जोड़ो। गुरु महाराज जी ने कहा की प्रभु पर भरोसा रखो वो कभी हमारे कल्याण के मार्ग में बाधा नही आने देगा।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Home Finance पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

शाखा पता : प्लॉट नं. 45-46, प्रथम तल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कॉलोनी, मुगल कैनाल फाउंटेन चौक के सामने, करनाल-132001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तरसेम सिंह पुत्र सुरजीत सिंह (कर्जदार), नवनीत कौर पत्नी तरसेम सिंह (सह-कर्जदार), गांव देओहरा, निकट दिल्ली पब्लिक स्कूल, अम्बाला रोड, कैथल-136027, हरियाणा। LHKNL00001458361 | तरसेम सिंह पुत्र सुरजीत सिंह के पक्ष में दस्तावेज नं. 571 दिनांक 22.04.2021 के अनुरूप गांव कयोडक तहसील व जिला कैथल में स्थित वर्ष 2018-2019 हेतु जमाबंदी में खेवट नं. 1298 में निहित भूमि माप 20के-10एम किता 7 में से 9/164 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 1के-2.50एम के सभी भाग व हिस्से। | 16-01-2026 रु. 41241.58 | 03-01-2026 |
| 2. | तरसेम सिंह पुत्र सुरजीत सिंह (कर्जदार), नवनीत कौर पत्नी तरसेम सिंह (सह-कर्जदार), गांव देओहरा, निकट दिल्ली पब्लिक स्कूल, अम्बाला रोड, कैथल-136027, हरियाणा। LHKNL00001458366 | तरसेम सिंह पुत्र सुरजीत सिंह के पक्ष में दस्तावेज नं. 571 दिनांक 22.04.2021 के अनुरूप गांव कयोडक तहसील व जिला कैथल में स्थित वर्ष 2018-2019 हेतु जमाबंदी में खेवट नं. 1298 में निहित भूमि माप 20के-10एम किता 7 में से 9/164 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 1के-2.50एम के सभी भाग व हिस्से। | 16-01-2026 रु. 1642773 | 03-01-2026 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/ों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 24 जनवरी 2026 स्थान : कैथल प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

## खराब मौसम के चलते गांव में नहीं पहुंच सके शहीदों के शव, आज होगा अंतिम संस्कार

# पिता की मौत के बाद सुधीर ही थे परिवार का इकलौता सहारा, भतीजी की शादी में आना था घर

### जम्मू कश्मीर में सेना का वाहन खाई में गिरने से यमुनानगर व झज्जर के जवान शहीद

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को हुए सड़क हादसे में हरियाणा के भी दो जवान शहीद हुए हैं। यमुनानगर के छछरौली ब्लॉक के गांव शेरपुर के 32 वर्षीय आर्मी जवान सुधीर नरवाल ने शहादत पाई। वहीं, झज्जर के गांव गिजाडौद के जवान 29 वर्षीय मोहित ने भी देशसेवा में शहीदी पाई। दोनों जवानों के पार्थिव शरीर का शुक्रवार को उनके गांव में आने का इंतजार होता रहा, लेकिन मौसम खराब होने के कारण शव गांव में नहीं पहुंच सके। अब उम्मीद है कि शनिवार को पूरे सम्मान के साथ दोनों शहीदों के शवों का अंतिम संस्कार उनके गांव में किया जाएगा। बता दें कि इस दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय सेना के 10 जवान शहीद हुए हैं, जबकि 11 जवान गंभीर रूप से घायल हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जवानों की शहादत पर गहरा दुख प्रकट किया है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

गांव शेरपुर निवासी शहीद सुधीर नरवाल के चचेरे भाई सुनील ने बताया कि सुधीर के पिता हरपाल सिंह का वर्ष 2017 में निधन हो चुका है। पिता के जाने के बाद घर का सहारा बने सुधीर की शहादत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। उन्होंने बताया कि सुधीर अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। पिता हरपाल सिंह किसान थे। पिता चाहते थे कि सुधीर सिविल नौकरी में जाए, लेकिन सुधीर के दिल में देश सेवा का जज्बा था। उन्होंने दिन-रात मेहनत की और आखिरकार 2015 में भारतीय सेना में भर्ती होकर अपने सपने को साकार किया। करीब दो साल पहले ही उनकी पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर में हुई थी। सुधीर आखिरी बार दिवाली पर छुट्टी लेकर घर आए थे। इसके बाद 20 नवंबर को वह वापस ड्यूटी पर लौट गए थे। परिवार में 20 फरवरी को सुधीर की बुआ की पोती की शादी थी, जिसमें आने की उन्होंने पूरी प्लानिंग कर रखी थी। सुधीर ने परिवार से कहा था कि वह 26 जनवरी के बाद घर जरूर आएंगे।



### शहादत की सुनकर बेसुध हुई पत्नी

वीरवार शाम को जब सुधीर की पत्नी रूबी अपनी जेठानी के साथ खेतों की ओर टहलने गई हुई थीं, तभी एक आर्मी ऑफिसर का फोन आया। फोन पर सुधीर के शहीद होने की सूचना मिलते ही रूबी बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ीं। आसपास के लोगों ने उन्हें संभाला और तुरंत घर लेकर आए। परिजनों को बताया गया था कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे शहीद सुधीर नरवाल का पार्थिव शरीर अंबाला एयरपोर्ट पर पहुंच जाएगा, लेकिन खराब मौसम के चलते इसमें देरी हो रही है।

### सीएम ने जताया दुख

डोडा (जम्मू-कश्मीर) में भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर हुए सड़क हादसे में हरियाणा परिवार के दो वीर सपूत असमय काल-कवलित हुए, यह हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायी एवं मार्मिक है। दुःख की इस घड़ी में वीर सपूत मोहित चौहान जी और सुधीर नरवाल जी के परिजनों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं।

- नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा।

बुधवार को ही सुधीर ने अपनी मां उर्मिला देवी, पत्नी रूबी और बेटे अयांश से फोन पर बात की थी। फोन पर उन्होंने कहा था कि वह जल्द घर आने वाले हैं और काफी खुश भी लग रहे थे।

### मोहित की एक साल पहले हुई थी शादी, पत्नी दो माह की गर्भवती, मार्च में आने का किया था वादा



शहीद मोहित का फाइल फोटो व उनके घर शोक जताने पहुंचीं महिलाएं।

**झज्जर।** जम्मू कश्मीर के डोडा में वाहन खाई में गिरने से शहीद हुए गांव गिजाडौद के जवान मोहित का पार्थिव शरीर शनिवार को गांव में पहुंचेगा, जहां सैन्य सम्मान के साथ शहीद मोहित का अंतिम संस्कार किया जाएगा। हालांकि परिजनों व ग्रामीणों को शुक्रवार सायं तक पार्थिव शरीर गांव में आने की सूचना थी और ग्रामीणों द्वारा अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली थी। गांव के बेटे के शहीद होने की सूचना पर पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शहीद मोहित के छोटे भाई जितेंद्र ने बताया कि वीरवार सायं उसके मामा का फोन आया था और उन्होंने घटना के बारे में बताया। फिर बाद में उसने यूनिट में फोन किया तो शहीद होने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले उसकी भाई से फोन पर बात हुई थी, तब उसने बताया था कि वह मार्च में छुट्टी लेकर आएगा। उन्होंने बताया कि उसका बड़ा भाई मोहित पांच वर्ष पूर्व फौज में भर्ती हुआ था। एक वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। अब उसकी पत्नी ढाई महीने की गर्भवती है। मोहित के पिता सतपाल खेती करते हैं।

### सिख संगत की मांग पर ट्रायल फ्लाइट मंजूर

## हिसार एयरपोर्ट से श्री नांदेड़ साहिब के लिए कल जाएगी सीधी फ्लाइट



सीवन। श्री नांदेड़ साहिब के लिए सीधी फ्लाइट के फैसले पर खुशी जताती संगत।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन**

हरियाणा से सचखंड श्री नांदेड़ साहिब (हजूर साहिब) के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। हरियाणा सरकार ने ट्रायल आधार पर फ्लाइट सेवा को हरी झंडी दे दी है। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सह-सचिव एवं सिख नेता बलविंदर सिंह भिंडर ने बताया कि यह ट्रायल फ्लाइट 25 जनवरी को हिसार एयरपोर्ट से दोपहर 2:30 बजे रवाना होगी। तीन दिन के प्रवास के बाद फ्लाइट 28 जनवरी को श्री नांदेड़ साहिब से शाम 4 बजे रवाना होगी। उन्होंने बताया कि फ्लाइट में कुल 61 सीटें उपलब्ध हैं, जिन्हें हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के माध्यम से श्रद्धालुओं को आवंटित किया जाएगा। यह पहली ट्रायल फ्लाइट होगी और इसके सफल संचालन के बाद हिसार एयरपोर्ट से श्री नांदेड़ साहिब के लिए नियमित साप्ताहिक या मासिक फ्लाइट सेवा शुरू किए जाने की संभावना है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा ने बताया कि इस मांग को लेकर कमेटी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य विनर सिंह, मोहनजीत सिंह, रूपिंदर सिंह, हरनेक सिंह, इकबाल सिंह, लाडी डबरी, इंदरजीत सिंह, लवजिंदर सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने हरियाणा सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी फॉरेन अफेयर्स डिपार्टमेंट से बैठक की थी, जिसके सकारात्मक परिणाम आए।

# ओल्ड फरीदाबाद थाने में निगली चूहे मार दवाई

- भाभी का अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में युवक से थाने में की थी पूछताछ
- परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का लगाया आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

ओल्ड फरीदाबाद थाने में एक व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान जेब से चूहे मारने की दवा निकालकर खा ली। तबीयत बिगड़ने के बाद व्यक्ति को बादशाह खान सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। भूड़ कॉलोनी निवासी पंकज शर्मा की की पत्नी का आरोप है कि पति ने अपने भाई से 2 लाख रुपये का कर्ज लिया था। एक लाख रुपये लौटा दिए थे, बाकी रुपये लौटाने का वह दबाव बना रहे थे। उन्होंने पति के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। पहले भी थाने में पति के साथ मारपीट हुई थी। इसी डर से उन्होंने जहर खा लिया। वहीं, एसीपी संजीव का कहना है कि पंकज पर उसके भाई की पत्नी ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का केस दर्ज कराया था। इसी केस में उसे पूछताछ के लिए पहली बार थाने बुलाया गया था। पैसे के लेनदेन की कोई बात सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पेड़ों की कटाई रोक जज बोलीं- क्या आप चाहते हैं आपके बच्चे जिंदा रहें

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मोहाली में प्रस्तावित राउंडअबाउट (गोलचक्कर) परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई को लेकर शुक्रवार को आदेश पारित करते हुए एक स्वतंत्र आयोग का गठन कर दिया है। कोर्ट ने साथ ही यह भी साफ कर दिया कि 24 दिसंबर 2025 से पंजाब में लागू पेड़ों की कटाई पर लगी पूर्ण रोक फिलहाल हटाई नहीं जाएगी। एसएएस नगर के पीआर-7 रोड पर तीन राउंडअबाउट बनाने के लिए 251 पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी गई थी। जीएमएडीए ने दलील दी कि जितने पेड़ काटे जाएंगे, उनके मुकाबले पांच गुना पौधे लगाए जाएंगे। इस पर मुख्य न्यायाधीश शील नागू ने पूछा, "क्या आप चाहते हैं कि आपके बच्चे और पोते-पोती जिंदा रहें या नहीं?" यह टिप्पणी शहरी इलाकों में पुराने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता जताती है।

## टीईटी पास न करने वाले शिक्षकों की पदोन्नति पर रोक

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती और पदोन्नति प्रक्रिया में एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) पास किए बिना मास्टर पद पर की गई पदोन्नतियों पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह आदेश जस्टिस दीपिंदर सिंह नलवा ने होशियार सिंह व अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास चतरथ ने अदालत को बताया कि पंजाब सरकार द्वारा 14 सितंबर 2017 को जारी एक सर्कुलर के आधार पर 12 नवंबर 2025 तथा 24 दिसंबर 2025 को शिक्षकों को मास्टर पद पर पदोन्नत कर दिया गया, जबकि उन्होंने अनिवार्य टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। यह राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता मानकों के विपरीत है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले की भी खुली अवहेलना है।

### 350 एएलएम भर्ती का विवाद

## डिग्रीधारी इंजीनियरों को झटका आईटीआई वालों को ही मौका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़**

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में साफ कर दिया है कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले उम्मीदवार सिर्फ इस आधार पर आईटीआई के बराबर नहीं माने जा सकते, जब तक भर्ती विज्ञापन या सेवा नियमों में ऐसा कोई प्रावधान न हो। पंजाब स्टेट ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसटीसीएल) में असिस्टेंट लाइनमैन (एएलएम) और असिस्टेंट सब-स्टेशन अटेंडेंट (एएसएसए) के पदों पर भर्ती को लेकर लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद की सुनवाई करते हुए जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने यह फैसला सुनाया। पीएसटीसीएल ने 18 मई 2021 को विज्ञापन जारी कर 350 असिस्टेंट लाइनमैन और 150 असिस्टेंट सब-स्टेशन अटेंडेंट पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ इलेक्ट्रिशियन/वायरमैन ट्रेड में फुल-टाइम रेगुलर आईटीआई सर्टिफिकेट तय की गई थी। कई उम्मीदवार जो इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा रखते थे, उन्होंने दावा किया कि उनकी योग्यता आईटीआई से "ऊंची" है, इसलिए उन्हें आवेदन से वंचित करना असंवैधानिक है। पीएसटीसीएल के वकील विकास चतरथ ने कहा कि आईटीआई इलेक्ट्रिशियन/वायरमैन एक व्यावसायिक (वोकेशनल) योग्यता है, जो फील्ड-लेवल तकनीकी कौशल पर आधारित होती है, जबकि डिग्री या डिप्लोमा एक अलग प्रकृति की शैक्षणिक योग्यता है। इस दलील को अदालत ने माना।




